राजस्थान सरकार दूरभाष–0291–2577144
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
कार्यालय, प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय
www.brasmandore.com मण्डोर, जोधपुर E-mail-braschoolmandore@gmail.com

क्रमांक– अआवि / मण्डोर / जोध. / खुली निविदा / 2017–18 / 592 दिनांक 27/06/2017

श्रीमान् ए.सी.पी.

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

राजस्थान, जयपुर।

**विषयः**– खुली निविदा सूचना संख्या 01 / 2017–18 संशोधित सूचना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने बाबत्।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि कार्यालय के अधीन संचालित छात्रावास व विद्यालय हेतु विभिन्न कार्यों को जॉब बेसिस पर करवाने हेतु संलग्न खुली निविदा संशोधित सूचना को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करवाने की कृपा करावें।

**संलग्न**–उपरोक्तानुसार

सादर।

भवदीय

27/06/2017

(सुरेशाराम)
प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय
उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर,जोधपुर।

राजस्थान सरकार दूरभाष–0291–2577144

(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)

कार्यालय, प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर

दिनांक

## खुली निविदा संशोधित सूचना संख्या 01/2017–18

राजस्थान रेजिडेन्सियल एज्यूकेशनल इन्सटीट्यूशनल सोसायटी(राईस) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग जयपुर के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन संचालित डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर में शैक्षणिक सत्र 2017–18 हेतु अध्ययनरत/प्रवेशित् अधिकतम 560 विद्यार्थियों के लिए निम्नानुसार विभिन्न कार्यो हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है–

| क्र.सं. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत(लाखों में) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बेचने की दिनांक व समय | निविदा प्रपत्र जमा करवाने की दिनांक व समय | निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों हेतु दो समय खाना बनाने, नाश्ता बनाने व( वितरण) रसोई एवं खाना बनाने के बर्तनों की साफ सफाई हेतु रसोईयों की व्यवस्था(10माह के लिए) | 8.00 | 16,000 | 200 | 03.06.2017 से 07.07.2017 को प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक | 10.07.2017 प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक | 10.07.2017 दोपहर 2.00 बजे से |
| 02. | सफाई व्यवस्था( सम्पूर्ण विद्यालय परिसर) वर्ष पर्यन्त | 5.50 | 11,000 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 03. | जल वितरण एवं अनुरक्षण (पौध अनुरक्षण, डीजी सैट संचालन, व विद्युत अनुरक्षण व्यवस्था) वर्ष पर्यन्त | 2.70 | 5,400 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 04. | प्रयोगशाला सहायक–3, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी–01<br>प्रयोगशाला सेवक–01 (10 माह हेतु) | 3.00 | 6,000 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 05. | आवासीय विद्यालय में आवासरत् छात्रों हेतु हरी सब्जी व फल की व्यवस्था(10 माह हेतु) | 8.12 | 16,240 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 06. | बाल कटिंग | 1.40 | 2800 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |
| 07. | स्कूल यूनिफॉर्म की सिलाई | 1.50 | 2400 | 200 | --do-- | --do-- | --do-- |

शर्तें:–

1. निविदा निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक कार्य हेतु अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में प्रस्तुत की जायेगी। प्रत्येक लिफाफे पर मोटे एवं स्पष्ट अक्षरों में निविदादाता **फर्म का नाम, पता एवं कार्य/सामग्री** का उल्लेख करना होगा। **पेन्सिल से भरी हुई निविदाऐं मान्य नहीं होगी।**
2. क्रमांक 1 से 4 तक का **कार्य/सेवाऐं जॉब बेसिस के आधार पर** पंजीकृत अनुभवी ठेकेदार/सक्षम रजिस्टर्ड संस्थाओं से संविदा पर करवायी जायेगी।
3. निविदा प्रपत्र प्रत्येक कार्यदिवस में प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 02.00 बजे तक निर्धारित शुल्क का नकद भुगतान पर प्राप्त किये जा सकते है।
4. **निर्धारित समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।**
5. प्राप्त निविदायें निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय/उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी।
6. निविदा या उसके किसी भाग को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षकर्त्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
7. डाक से भेजी गई निविदाऐं मान्य नहीं होगी।
8. **क्रम संख्या 01 तथा 05 पर अंकित निविदाओं के लिए भारतीय खाद्य संस्था एवं मानकीकरण अधिनियम के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैद्य पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।**
9. धरोहर राशि के बिना निविदा स्वीकार नहीं होगी।
10. धरोहर/प्रतिभूति राशि केवल डीडी/बैंकर चैक के रूप में ही स्वीकार की जायेगी,तथा प्रत्येक निविदा के लिए अलग–अलग डीडी प्रस्तुत करने होंगे।
11. निविदा खोलने की दिनांक को यदि राजकीय अवकाश हो तो उक्त दिनांक को खोली जाने वाली निविदायें अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।
12. कार्य की अन्य शर्ते व नियम कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 2 तक देखी जा सकती है।
13. **सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।**
14. **सामान्य वित्त व लेखा नियम/राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012/लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 की समस्त शर्त व राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी समस्त निर्देश मान्य होंगे।**

**नोट :–निविदादात्ता को तकनीकी निविदा व वित्तीय निविदा को पृथक–पृथक लिफाफों मे सील बंद कर डालना होगा। तकनीकी निविदा में सफल निविदादात्ता की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी, तकनीकी निविदा में असफल निविदा दात्ता की वित्तीय निविदादात्ता की वित्तीय निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।**

27/06/2017.

(सुरेशाराम)
प्रधानाचार्य
डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय
उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर,जोधपुर।

कार्यालय प्रधानाचार्य डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर

खुली निविदा सूचना संख्या 01/2017–18

संशोधित सूचना

डॉ. भीमराव अम्बेडकर राज. आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर, जोधपुर में शैक्षणिक सत्र 2017–18 में आवासरत्/प्रवेशित होने वाले अधिकतम 560 छात्रों के उपयोग हेतु दिनांक 03.06.2017 व 18.06.2017 के समाचार पत्रों में प्रकाशित खुली निविदा सूचना संख्या 01/2017–18 में आंशिक संशोधन कर निविदा बिक्री दिनांक 07.07.2017 तक बढ़ाई जाती है एवं भरे हुए निविदा फार्म दिनांक 10.07.2017 को प्रातः 11 बजे से 01.00 बजे तक कार्यालय में जमा करवाए जा सकते है। निविदा दिनांक 10.07.2017 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख दोपहर 02.00 खोली जायेगी। उक्त संशोधन अपरिहार्य कारणों से किया जा रहा है। शेष शर्तें यथावत रहेगी।

27/06/2017

(सुरेशाराम)

प्रधानाचार्य

डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय आवासीय

उच्च माध्यमिक विद्यालय मण्डोर,जोधपुर।